हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 12 नवंबर 2025
[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा ]

04 मुख्यमंत्री कल किसान सम्मान के साथ भावांतर...



07 रबर पाथ निर्माण में मानकों की अनदेखी...



**खबर संक्षेप**

### तारीख बढ़ाई, अब 20 तक जमा होंगे असाइनमेंट

**सीहोर।** मुक्त इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विश्वविद्यालय (इग्नू) ने दिसंबर टर्म-एंड परीक्षा के लिए असाइनमेंट जमा करने की अंतिम तिथि को फिर से बढ़ा दिया है। छात्र अब 20 नवंबर तक असाइनमेंट जमा कर सकते हैं। इसमें हार्ड और सॉफ्ट कॉपी दोनों जमा करना शामिल है। इग्नू की दिसंबर टर्म-एंड परीक्षा 1 दिसंबर से शुरू होगी और अंतिम परीक्षा 14 जनवरी को होगी। छात्र क्षेत्रीय केंद्र द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार अपने अध्ययन केंद्र या क्षेत्रीय केंद्र में असाइनमेंट जमा कर सकते हैं। उन्हें असाइनमेंट पर अपनी संपर्क जानकारी, जिसमें कार्यक्रम कोड, पाठ्यक्रम कोड, नामांकन संख्या, ईमेल, फोन नंबर आदि शामिल हैं, देना आवश्यक है।

### कोर्ट से फरार आरोपी 3 दिन बाद भी नहीं पकड़ा जा सका

**बुधनी।** पुलिस हिरासत से फरार हुए आरोपी को तीन दिन बीत जाने के बाद भी बुधनी पुलिस नहीं पकड़ पाई है। शुक्रवार को पेशी के दौरान अदालत परिसर से आरोपी रामसेवक चौहान (35 वर्ष), निवासी डोवी पुलिस की गिरफ्त से भाग गया था। जानकारी के अनुसार रामसेवक पर वर्ष 2020 में मारपीट का मामला दर्ज था और वह लंबे समय से अदालत में पेश नहीं हो रहा था। वारंटी के तौर पर उसे शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया था, लेकिन पेशी से पहले ही मौका पाकर वह फरार हो गया। घटना के बाद से ही पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई है, लेकिन अब तक आरोपी का कोई सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में सर्च अभियान चलाया, मगर आरोपी के भागने की दिशा और ठिकाने को लेकर अभी तक कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई है।

### इस माह जमा करना होगा जीवन प्रमाण-पत्र

**सीहोर।** हर पेंशनभोगी को साल में एक बार जीवन-प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य है। इस प्रक्रिया में केवल हस्ताक्षर नहीं, बल्कि डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र या पारंपरिक ऑफलाइन मोड, दोनों विकल्प उपलब्ध हैं। आधार नंबर, बैंक खाता लिंकिंग, और अन्य विवरण अपडेट करना भी अनिवार्य है। जीवन-प्रमाण पत्र के लिए पहले आधार पेंशनभोगी के बैंक खाते से लिंक होना चाहिए।

### समग्र पोर्टल में आधार ई- केवाईसी अनिवार्य

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा।

## 300 किसान खुले आसमान के नीचे ठंड में रात गुजारने को मजबूर

# भावांतर योजना में अव्यवस्था: एक ट्रॉली में दो पंजीयन पर विवाद, छोटे किसान परेशान

किसानों का कहना था कि मंडी प्रशासन छोटे किसानों की परेशानी समझने को तैयार नहीं है। "एक वाहन है, साधन नहीं, अलग-अलग उपज कैसे करें?" किसानों ने सवाल उठाते हुए कहा कि सुबह से आए हैं और शाम तक खरीद की बात कही जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

कृषि उपज मंडी भैरुंदा में भावांतर भुगतान योजना के तहत सोयाबीन खरीदी में अव्यवस्था थमने का नाम नहीं ले रही है। सोमवार को एक ही ट्रॉली में अपनी-अपनी सोयाबीन लेकर पहुंचे दो भाइयों को पंजीयन संबंधी उलझन का सामना करना पड़ा। दोनों भाईयों का पंजीयन अलग-अलग था, लेकिन मंडी प्रशासन ने एक ही गेट पास बना दिया। प्रशासन ने नीलामी के लिए ऊपज को अलग-अलग करने के निर्देश दिए, जबकि किसानों ने एक ही ट्रॉली में लाई गई उपज को एक साथ नीलाम करने की मांग की। साधन न होने और सुबह से लाइन में खड़े रहने के कारण किसान विरोध जताते रहे।

किसानों का कहना था कि मंडी प्रशासन छोटे किसानों की परेशानी समझने को तैयार नहीं है। "एक वाहन है, साधन नहीं, अलग-अलग ऊपज कैसे करें?" किसानों ने सवाल उठाते हुए कहा कि सुबह से आए हैं और शाम तक खरीद की बात कही जा रही है।









### वाहन फंसते रहे और किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा

राला कृषि उपज मंडी प्रांगण में रविवार रात लगभग 300 किसानों को खुले आसमान के नीचे रात बितानी पड़ी। ठंड से ठिठुरते किसानों को न शौचालय की सुविधा थी और न ही बैठने की व्यवस्था। मिट्टी और बजरी में वाहन फंसते रहे और किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। टोकन वितरण और सूचना पट्ट की भी कोई व्यवस्था नहीं थी, जिससे किसानों में नाराज़गी रही।

**व्यापारी की फसल शेड में, किसान बाहर कार्रवाई नहीं:** किसानों ने आरोप लगाया कि जहां प्रशासन उन्हें खुले में रखने को मजबूर कर रहा है, वहीं मंडी के शेड में व्यापारियों की फसल रखी हुई है और अधिकारियों द्वारा उस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। इधर किसान खुले आसमान के नीचे रात गुजरने को मजबूत हैं।

### मंडी में महंगी चाय-पानी, टोकन व्यवस्था पर सवाल

नवीन कृषि उपज मंडी प्रांगण में दुकानदारों द्वारा 10 रुपये की चाय और 15 रुपये की छोटी पानी की बोतल सहित अन्य सामग्री महंगे दामों में बेचने पर किसानों ने आपत्ति जताई। टैंकर व टंकी के पानी में गंदगी मिली। टोकन वितरण में अव्यवस्था और सूचना पट्ट की अनुपस्थिति से किसान परेशान रहे।किसानों ने मांग करते हुए कहा नवीन कृषि उपज मंडी प्रांगण में शौचालय, साफ़ पानी, बैठने और सुरक्षा सुविधाएँ , मंडी प्रांगण में किसानों की फसल को प्राथमिकता दे ओर टोकन वितरण और सूचना के लिए सूचना बैनर पोस्टर लगाए।

### प्रशासन का आश्वासन अधूरा, किसानों को सुविधाएं नहीं मिलीं

बीते शुक्रवार को चक्काजाम के बाद प्रशासन ने किसानों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन सोमवार तक भी व्यवस्थाएँ नहीं सुधरीं। टेंट में व्यापारी और अधिकारी बैठे रहे, जबकि किसानों को अपने वाहनों पर बैठने को कहा गया। कई वाहन मिट्टी में फंसे, जिन्हें जेसीबी से निकालना पड़ा।

# शिशु मंदिर में संपन्न हुआ न्याय उत्सव कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सरस्वती शिशु मंदिर नलखेड़ा में विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत न्याय उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यवहार न्यायालय नलखेड़ा के न्यायाधीश एवं तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष नितिन सोनी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता भैरूसिंह दासावत ने की। नलखेड़ा शिक्षण समिति के सचिव गिरिराज तेजरा उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता न्यायाधीश ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि न्याय सभी के लिए सुलभ है। विधिक सेवा के अंतर्गत चार वर्गों अनुसूचित जाति जनजाति महिलाएं बच्चे तथा जेल में निरुद्ध व्यक्ति को मुफ़्त न्यायिक सहायता प्रदान की जाती है। इस अवसर पर निशुल्क विधिक सहायता हेतु टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में भी न्यायाधीश द्वारा जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में भैया-बहनों द्वारा उत्साहपूर्वक पूछे गए जिज्ञासापरक प्रश्नों के उत्तर अतिथि द्वारा दिए गए जिससे विद्यार्थियों में विधिक जानकारी के प्रति विशेष रुचि जागृत हुई। कार्यक्रम का संचालन लोकेन्द्र सिंह यादव ने किया तथा आभार प्रदर्शन गिरिराज तेजरा ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में आचार्यगण समिति पदाधिकारी एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।





# नगर में घूम रहे गौवंश में फैल रहा लंपी रोग

**नलखेड़ा।** नगर में लावारिस घूम रहे गौवंश में लंपी रोग फैल रहा है। मंगलवार को सूचना मिलने के बाद पशु चिकित्सकों द्वारा कई गायों का उपचार किया गया। पशु चिकित्सक का कहना है कि लंपी रोग से बचाव के लिए लगभग 20 दिनों पूर्व गौवंश को वैक्सीन लगाई जा चुकी है।



मंगलवार को स्थानीय चौक बाजार में लंपी रोग से पीड़ित कुछ गाय दिखाई देने पर इसकी सूचना पशु चिकित्सक को दी गई। जिनके द्वारा पहुंचकर उनका उपचार किया गया। साथ ही संपूर्ण नगर में एवं नगरीय क्षेत्र के बाहरी इलाकों में घूमकर इस रोग से पीड़ित गौवंश का भी उपचार किया गया।

### कचरा व पॉलीथिन खाने से हो रहा रोग

गौवंश का उपचार करने वाले पशु चिकित्सक डॉ दिनेश कुमार ने बताया कि गौवंश में लंपी रोग गंदगी व पॉलीथिन खाने के कारण हो रहा है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को भी जब वे उपचार करने निकले तो बड़ी संख्या में गौवंश यहां वहां फैले कचरे के ढेर से गंदगी व पॉलीथिन खाते दिखाई दी।



# जनसुनवाई में आए 80 आवेदन, कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश



**नलखेड़ा।** कलेक्टर प्रीति यादव ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई की। जनसुनवाई में 80 आवेदकों ने अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर अधिकारियों से निराकरण कराया तथा शेष आवेदन संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत, सीईओ नंदा भलावे कुशरे, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, डिप्टी कलेक्टर किरण बरबड़े, प्रेमनारायण परमार सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे। ग्राम बापचा निवासी रामेश्वर मालवीय ने फसल क्षति की मुआवजा राशि प्रदान कराने आवेदन दिया। आवेदक ने बताया कि फसल क्षति हेतु मुआवजा राशि के लिए हल्का पटवारी को सभी दस्तावेज देने के बावजूद राशि प्राप्त नहीं हुई। कलेक्टर ने एसडीएम आगर को जांच कर आवेदक की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। ग्राम लोहारिया निवासी सुरेश वर्मा ने मुआवजा राशि पर लगी आपत्ति का निराकरण करने हेतु आवेदन दिया। आवेदक ने बताया कि उसकी कृषि भूमि तालाब निर्माण में डूब में गई है, जिसका शासन से मुआवजा प्राप्त हुआ है। जिस पर अनावेदक व्यक्ति द्वारा निराधार आपत्ति दर्ज करवाई गई है, जिससे राशि नहीं मिल रही है। आपत्ति हटवाई जाए।

अर्जुन नगर, आगर निवासी अब्दुल रसीद ने खसरे में नाम अमल कराने आवेदन दिया। आवेदक ने बताया कि उसके द्वारा प्लाट क्रय किया गया, जिसका नामांतरण हो चुका है, भू-अधिकार पुस्तिका भी प्राप्त हो चुकी है, ऑनलाइन खसरे में नाम दर्ज नहीं हुआ है, खसरे में नाम अंकित कराया जाए। ग्राम चांदनगांव निवासी जगदीश दास ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्रदान कराने आवेदन दिया। कलेक्टर ने दोनों आवेदन तहसीलदार आगर को निराकरण करने के निर्देश दिए।

### भावांतर योजना में 4036 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी

**सीहोर।** भावांतर योजना 2025 अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 10 नवंबर को 4036 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया है कि यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी।मॉडल रेट में लगातार 2 दिनों से वृद्धि जारी रही। पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी हुआ था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए और 9 नवंबर को 4036 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ।

## 42 शासकीय सेवकों का शॉल-श्रीफल भेंटकर किया सम्मान

# शासकीय सेवा से सेवानिवृत्ति का अर्थ जीवन से सेवानिवृत्ति नहीं है : कलेक्टर बालागुरू के.

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शासकीय सेवा से रिटायर होना जीवन से रिटायर होना नहीं है। सेवानिवृत्ति सक्रिय जीवन का अंत नहीं, बल्कि एक नए अध्याय की शुरुआत है, जिसमें व्यक्ति अपने अनुभवों और ज्ञान का उपयोग समाज व नई पीढ़ी के हित में कर सकते है। यह बात कलेक्टर बालागुरू के. ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित सेवानिवृत शासकीय सेवकों को पीपीओ वितरण एवं सम्मान समारोह में कही।

उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त अधिकारी और कर्मचारी प्रशासन की अमूल्य पूंजी हैं। उनका अनुभव प्रशासन और समाज दोनों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कलेक्टर ने कहा कि रिटायरमेंट के बाद भी व्यक्ति सामाजिक कार्य, पर्यावरण संरक्षण, जनजागरूकता और सेवा कार्यों में सक्रिय रह सकता है। कलेक्टर ने यह भी कहा कि गीता में लिखा है कि हमें कर्म करते रहना चाहिए, क्योंकि कर्म ही जीवन का सार है।





उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके दीर्घ, सफल और अनुकरणीय सेवाकाल के लिए शुभकामनाएं दीं और उनसे समाज हित के कार्यों में सक्रिय बने रहने का आग्रह किया। कलेक्टर बालागुरू के. ने सम्मान समारोह में विभिन्न विभागों के 42 सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों का साल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया और पीपीओ प्रदान किया। इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी नेहा सिंघई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# उभरते खिलाड़ियों का अलग अलग प्रतियोगिताओं में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के आवासीय क्रिकेट मैदान में संचालित दुबाने क्रिकेट अकादमी के उभरते खिलाड़ी दिव्यम यादव का चयन राज्य स्तरीय अंडर 14 प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

उनके इस चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए अकादमी के हेड कोच अक्षय दुबाने ने बताया कि दिव्यम लेफ्ट हैंड के उभरते तेज गेंदबाज है, उनका चयन पिछले दिनों विदिशा में आयोजित हुई संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के दम पर हुआ है, उक्त प्रतियोगिता में दिव्यम ने 3 ओवरों की गेंदबाजी में मात्र 3 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट प्राप्त किए थे। दुबाने ने साथ ही बताया कि शहर के बीएसआई मैदान पर आयोजित हुई भोपाल संभाग की इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता के लिए अकादमी के लिए तेज गेंदबाज लोकेंद्र धनगर, ओपनर बल्लेबाज कृष्णा बॉथम, युवराज जादौन और विकेट कीपर बल्लेबाज के रूप में रोहित चौहान का चयन किया गया था। जिसमें चारों ही खिलाड़ियों ने सराहनीय प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर डिसट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुदेश राय, सचिव अतुल तिवारी, सचिव वीरेंद्र वर्मा, मनोज दीक्षित मामा, आवासीय विद्यालय के प्राचार्य आलोक शर्मा, जिला खेल अधिकारी अताउल्ला खान, आशीष शर्मा, मोनू परमार, अकादमी के कोच अजय चंदेल, मदन कुशवाह, कमलेश पारोचे, रूपेश पारोचे, सचिन कीर आदि ने बधाई दी।



**खबर संक्षेप**

## विधायक व महापौर प्रतिनिधि ने किया डॉग हाउस का निरीक्षण



**देवास।** नगर निगम द्वारा स्थानीय ट्रेंचिंग मैदान पर डॉग हाउस का निर्माण कार्य अंतिम चरण मे हैं। विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा निगम स्वास्थ्य विभाग समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिह बैस के साथ मंगलवार को निर्माणाधीन डॉग हाउस का निरीक्षण किया गया।। निरीक्षण मे अग्रवाल ने बताया कि डॉग हाउस का कार्य अंतिम चरणों मे हैं। इसमें विद्युत, पेयजल की व्यवस्था एक सप्ताह मे पूर्ण होगी। अग्रवाल ने कहा कि शहर मे बढते आवारा श्वान एवं लोगों को काटने की शिकायतें मिल रही है। ऐसी स्थिती मे डॉग हाउस मे आवारा श्वानो को पकडकर लाया जाएगा तथा उनकी नसबंदी की जाएगी। नसबंदी हेतु निगम द्वारा टेण्डर प्रक्रिया शीघ्र की जाएगी। जिसमें चिकित्सक व मेडिकल दवाईयां भी शामिल रहेगी। अग्रवाल ने बताया कि एक माह मे 5 सौ श्वानों का लक्ष्य रखा जाकर कार्यवही की जाएगी। बैस ने बताया कि शहर मे जो व्यक्ति अपने पालतु श्वानों का पालन कर रहे हैं वे नगर निगम मे रजिस्टर्ड अवश्य करवा ले। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि रूपेश वर्मा, निगम स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया, स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनार, दिनेश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यालय में हुई बैठक

# मुख्यमंत्री कल किसान सम्मान के साथ भावांतर योजना का करेंगे शुभारम्भ

### कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने बैठक कर रणनीति की तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



आगामी 13 नवंबर को देवास में भावांतर योजना के शुभारम्भ एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगमन को लेकर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय देवास में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में देवास विधायक गायत्री राजे पवार एवं जिला भाजपा अध्यक्ष रायसिंह सेंधव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में मुख्यमंत्री के स्वागत, आतिथ्य, किसान सम्मान समारोह एवं जनसभा को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। विधायक गायत्री राजे पवार ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों के लिए ऐतिहासिक कार्य कर रही है। भावांतर योजना किसानों की आर्थिक मजबूती का सशक्त माध्यम बनेगी। देवास की धरती सदैव मेहनतकश किसानों की रही है, और यह हमारा सौभाग्य है कि राज्य का पहला भावांतर योजना शुभारम्भ कार्यक्रम यहीं से हो रहा है। जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने कहा कि देवास जिला सोयाबीन उत्पादन में प्रदेश में अग्रणी है। लगभग 1,32,000 किसानों को भावांतर योजना के तहत 300 करोड़ रुपए का लाभ सीधे क्लिक प्रणाली के माध्यम से प्राप्त होगा। किसानों को औसतन 1300 प्रति क्विंटल के हिसाब से राशि दी जाएगी। यह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की किसान-हितैषी सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता मुख्यमंत्री के स्वागत एवं कार्यक्रम की सफलता के लिए पूर्ण समर्पण भाव से कार्य करेगा। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक मंडल स्तर पर कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिकों एवं किसानों को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित करेंगे ताकि देवास में आयोजित यह कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप से सफल हो सके। प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार बैठक के दौरान उपस्थित अन्नदाता किसानों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् गान से हुई तथा समापन लोकल को लोकल का समर्थन देने के संकल्प के साथ किया गया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री विजय सिंह पवार ने किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बहादुरसिंह मुकाती, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया, जिला महामंत्री राजेश यादव, सभापति रवि जैन, किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री महेश पाटीदार, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शिवराज सिंह गोहिल, दुर्गेश अग्रवाल, सीताराम सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष गण, किसान



मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बहादुर सिंह मुकाती, भाजपा जिला महामंत्री राजेश यादव एवं महेश पाटीदार ने भी संबोधित किया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

## मेसर्स कन्हा इंटरप्राईजेज बायोडीजल पंप के प्रोपाइटर व प्रबंधक पर एफआईआर दर्ज

### पंप की सील तोड़कर बेच रहे थे डीजल

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में अमानक पेट्रोल एवं डीजल विक्रय करने वालों पर कार्रवाई जा रही है। कलेक्टर के निर्देशानुसार मेसर्स श्री कान्हा इंटरप्राईजेज (बायो-डीजल पम्प) के प्रोपायटर ओमप्रकाश शर्मा पिता कमल शर्मा, निवासी 137-ए, मयूर नगर, गली नंबर 04, जनसेवा विद्यालय के पास मूसाखेडी इंदौर एवं मनीष जायसवाल पिता अशोक जायसवाल निवासी बामनखेडी, तहसील बागली के विरूद्ध थाना कमलापुर में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि 07 नवंबर को सूचना प्राप्त हुई थी कि, मेसर्स श्री कान्हा इंटरप्राईजेज (बायो-डीजल पम्प) के प्रोपायटर/प्रबंधक द्वारा बायोडीजल पम्प की सील तोड़कर बायोडीजल का विक्रय प्रारंभ कर दिया गया है।

जिसकी जांच 07 नवंबर की रात लगभग 08.20 पर खाद्य विभाग के दल द्वारा की गई। जांच के दौरान सूचना सही पाई गई। बायोडीजल पम्प परिसर में स्थापित 02 डिस्पेंसिंग यूनिट में से 01 डिस्पेसिंग यूनिट के 01 नोजल पर लगाई गई सील टूटी हुई पाई गई। जांच दल द्वारा बायोडीजल पम्प परिसर में स्थापित दोनो डिस्पेंसिंग यूनिट के चारों नोजल को दोबारा सील किया गया। उल्लेखनीय है कि बीते 15 अक्टूबर 2025 को जिला आपूर्ति अधिकारी दिनेश अहिरवार, सहायक आपूर्ति अधिकारी बागली अभिषेक मोर एवं सहायक आपूर्ति अधिकारी सोनकच्छ धर्मेन्द्र वर्मा के संयुक्त दल ने मेसर्स श्री कान्हा इन्टरप्राइजेज (बायोडीजल पंप) ग्राम मातमोर तहसील बागली, स्थित बायो-डीजल पम्प की जांच कर पम्प के मैनेजर मनीष जायसवाल के समक्ष की जाकर बायोडीजल पंप से बायोडीजल के नमूने लिए थे,जिसका परीक्षण आईओसीएल प्रयोगशाला रतलाम से करवाया गया। जिसकी रिपोर्ट प्राप्त हुई। परीक्षण रिपोर्ट अनुसार बायोडीजल का नमूना निर्धारित मापदण्ड अनुसार नहीं पाया गया। परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर बायोडीजल पंप को सील कर बायोडीजल के विक्रय पर रोक लगाने हेतु प्राप्त निर्देशों के पालन में दिनांक 28 अक्टूबर 2025 को सहायक आपूर्ति अधिकारी बागली अभिषेक मोर, द्वारा मेसर्स श्री कान्हा इन्टरप्राइजेज (बायोडीजल पंप) ग्राम मातमोर तहसील बागली के बायो-डीजल पम्प परिसर में स्थापित भूमिगत टैंक एवं 02 डिस्पेंसिंग यूनिट के 04 नोजलों को सील कर बायो-डीजल विक्रय पर रोक लगाई गई थी।

## मालवी सेन समाज का दीपावली मिलन और अन्नकूट महोत्सव कल

**देवास।** मालवी सेन समाज धर्मशाला ट्रस्ट द्वारा 13 नवंबर, गुरुवार को दीपावली मिलन समारोह और अन्नकूट महोत्सव का भव्य आयोजन होने जा रहा है। अध्यक्ष अशोक वर्मा ने बताया कि उक्त कार्यक्रम समाजिक एकता, परंपराओं और साथ की मिठास का सुंदर संगम बनेगा। एबी रोड, बस स्टैंड के पास स्थित सेन धर्मशाला में शाम 5 बजे से शुरू होने वाले इस आयोजन में मिलन समारोह और सम्मान कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें समाज के विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा। इसके पश्चात रात 8 बजे से विशाल अन्नकूट और प्रीतिभोज शुरू होगा।

## दिल्ली में बम ब्लास्ट के बाद देवास पुलिस सतर्क, चलाया चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

दिल्ली में सोमवार को देर शाम हुए बम धमाके के बाद मध्य प्रदेश में सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। प्रदेश में अलर्ट जारी होने के बाद देवास जिले में भी पुलिस ने सख्त सुरक्षा व्यवस्था लागू की और सोमवार देर रात से लेकर मंगलवार अलसुबह तक पूरे शहर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत ने स्वयं मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने जगह-जगह नाकेबंदी कर वाहनों की सघन जांच की। शहर के प्रमुख स्थानों जैसे बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर भी पुलिस पहुंची और आने-जाने वाले यात्रियों से पूछताछ की।



पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत ने स्वयं मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

देर रात शुरू हुआ यह विशेष चेकिंग अभियान अलसुबह तक जारी रहा। विभिन्न चौराहों पर भी पुलिस बल मुस्तैद रहा। एसपी पुनीत गेहलोत ने बताया कि प्रदेश स्तर पर डीजीपी महोदय ने सभी जिला इकाइयों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में देवास जिले के सभी 21 थानों का पुलिस बल फील्ड पर उतरा। होटल, लॉज और धर्मशालाओं की भी हुई जांच उन्होंने कहा कि बेसिक हाई अलर्ट के तहत नाकाबंदी की गई और सभी होटल, लॉज तथा धर्मशालाओं में ठहरे लोगों की जांच की गई। बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले लोगों की जानकारी भी जुटाई गई। पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही।

## साहित्यकार भटनागर की यात्रा वृत्तांत पथ के पन्ने का विमोचन




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

लिट्रेचर क्लब, देवास के तत्वावधान में मध्यप्रदेश साहित्य सम्मेलन की देवास इकाई के बैनर तले यात्रा साहित्य पर आयोजित एक दिवसीय कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार यशोधरा भटनागर के सद्यप्रकाशित यात्रा वृत्तांत पथ के पन्ने का विमोचन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका एवं विदूषी संजीवनी कान्त ने की। कार्यक्रम में आमंत्रित विशिष्ट अतिथियों के रूप में विश्व प्रसिद्ध ट्रेवलर, लेखक एवं ब्लॉग राइटर संजय शेफर्ड , नोएडा, सुप्रसिद्ध न्यूरोलॉजिस्ट एवं प्रतिष्ठित यात्रा वृत्तांतकार डॉ. अजय सोडानी एवं प्रख्यात कहानीकार मनीष वैद्य ने मंच को सुशोभित किया। यशोधरा भटनागर की कथेतर विधा पर यह पहली पुस्तक है। इसके पूर्व कविता संग्रह व लघुकथा संग्रह के रूप में इनकी छह पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। कार्यक्रम को साहित्य जगत की जानी-मानी हस्तियों के रूप में उपस्थित प्रकाश कांत, सुप्रसिद्ध लेखक प्रताप सिंह सोढ़ी, वरिष्ठ साहित्यकार एवं चिंतक मनीष शर्मा सहित इंदौर व देवास विशिष्ट प्रबुद्ध जनों व लिट्रेचर क्लब के सदस्यों ने विशेष गरिमा प्रदान की। सांझ की बेला में संपन्न विमोचन कार्यक्रम के पूर्व ईटी सभागार देवास में कथेतर विधा यात्रा साहित्य पर केंद्रित नवाचारी कार्यशाला सुबह दस बजे से अपरान्ह साढ़े तीन बजे के मध्य संपन्न हुई। इस कार्यशाला में पैंतालीस प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। तीन सत्रों में कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार एवं चिंतक मनीष शर्मा, सुप्रसिद्ध यात्रा वृत्तांतकार महिमा वर्मा, इंदौर एवं विश्व प्रसिद्ध ट्रेवलर, लेखक एवं ब्लॉग राइटर संजय शेफर्ड, नोएडा ने प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया।

## सुबह 10 बजे से लगेंगे कक्षा 1 से 12 तक के स्कूल, आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में लगातार गिरते तापमान को देखते हुए कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने स्कूलों के समय में बदलाव किया है। अब नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के सभी स्कूल सुबह 10 बजे से पहले नहीं खुलेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार, समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त, मान्यता प्राप्त सीबीएसई, माध्यमिक शिक्षा मंडल और अन्य सभी बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों पर यह नियम लागू होगा। इसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना को रोकना है। पिछले कुछ दिनों से देवास में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। मंगलवार को शहर का अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस



रिकॉर्ड किया गया। राजस्थान की ओर से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण तापमान में और कमी आ रही है।पिछले चार दिनों में न्यूनतम तापमान में 6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखी गई है। इस लगातार गिरते तापमान के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले संभावित नकारात्मक प्रभावों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

## धन तलाव घाट से चापड़ा मार्ग तक की बदहाल हालत को लेकर सांसद ने अधिकारियों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

क्षेत्रीय सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने धन तलाव घाट से चापड़ा मार्ग की बदहाल हालत को लेकर नेशनल हाईवे अधिकारी को फटकार लगाई। सांसद ने अधिकारीयों से पूछा कि इस रोड से आप कब गुजरे थे। अधिकारी के जवाब से असंतुष्ट सांसद ने कहा में रात को ही धनतलाव से चापड़ा आया हूं, गढ्ढे ही गढ्ढे हो रहे हैं। अधिकारी ने कहा बारिश बंद होते ही जाए गढ्ढे भरने का काम शुरू कर दिया जाएगा। इस पर सांसद ने कहा तुरंत काम शुरू करे,बहाने बाजी नहीं चलेगी। लोगो को असुविधा न हो इसका ध्यान



रखे। इस दौरान भाजपा नेता सुनील पुरोहित, ईश्वर प्रजापत, गौरीशंकर पांचाल आदि मौजूद थे। गौरतलब है कि विगत दिनों सुनील पुरोहित द्वारा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल को इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग कि बदहाल स्थिति को लेकर अवगत कराया गया था लेकिन जिम्मेदार विभाग की लापरवाही के चलते अभी तक गड्ढे भरने का काम शुरू नहीं हुआ है।

### विधिक सेवा सप्ताह-2025 के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रम

# विधि महाविद्यालय और जिला जेल में लगाए विधिक साक्षरता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं अजय प्रकाश मिश्र प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास के मार्गदर्शन में मंगलवार को न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह-2025 की कार्य योजना के अनुसार दोपहर 02.00 बजे विधि महाविद्यालय देवास में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के उपलक्ष में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें अजय प्रकाश मिश्र प्रधान जिला न्यायाधीश देवास एवं रोहित श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास उपस्थित हुए। उक्त विधिक साक्षरता शिविर में अजय प्रकाश मिश्र ने उपस्थित विधि महाविद्यालय के विद्यार्थियों को शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूक करने एवं लैंगिक अपराधों से बालकों के संरक्षण अधिनियम तथा यातायात नियमों के प्रति कानूनी जानकारी, संविधान की प्रस्तावना एवं उद्देश्य के बारे में जानकारी दी, सीपीसी सीआरपीसी,डार्ट, साक्ष्य अधिनियम,कॉमन लॉ की विस्तृत जानकारी देकर उपस्थित विधि के विद्यार्थियों को जागरूक किया। उक्त शिविर में रोहित श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास ने भी साइबर क्राइम,आईटी सेक्टर, चैट जेपीटी,के बारे में डिजिटल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफार्म का सही एवं सुरक्षित तरीके से उपयोग करने एवं कानून के क्षेत्र में विधि के शिक्षा के क्षेत्र में भी अध्ययन हेतु किस प्रकार से उपयोगी हैं इसके बारे में जानकारी देते हुए विधि के विद्यार्थियों को जागरूक किया।उक्त शिविर में विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अजय कुमार चौहान, शिक्षक गण एवं वरिष्ठ अधिवक्ता दीपक नाईक सहित अन्य अधिवक्तागण एवं विधि के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




### जिला जेल में लगा विधिक शिविर

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं अजय प्रकाश मिश्र प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास के मार्गदर्शन में सोमवार को न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह-2025 के अवसर पर जिला जेल देवास में प्रातः 10:30 विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें राजेन्द्र कुमार पाटीदार अतिरिक्त जिला न्यायाधीश देवास एवं रोहित श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास उपस्थित हुए। उक्त विधिक साक्षरता शिविर में राजेन्द्र कुमार पाटीदार द्वारा उपस्थित बंदियों को संबोधित कर न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत विधिक कानूनी जागरूकता की जानकारी दी। जिसमें बंदियों को उनके अधिकारो एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निशुल्क विधिक सहायता प्रदान करने एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित एक नई योजना लीगल एड डिफेंस काउंसेल सिस्टम क्रियान्वित की गई है जो कि बंदियो को निःशुल्क अधिवक्ता के रूप में न्यायालय में पैरवी किए जाने हेतु हमेशा तत्पर रहती है। साथ ही उपस्थित बंदियों को प्ली-बारगेनिंग योजना के बारे में भी जानकारी देते हुए बंदियो को जागरूक किया और लोक अदालत के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे प्रकरण जिनमें राजीनामा हो सकता है उन्हें भी आपसी राजीनामे के माध्यम से निराकरण करा सकते हैं। उक्त शिविर में रोहित श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास ने भी उपस्थित बंदियों से उनके अधिवक्ताओं के बारे में जानकारी ली अगर ऐसे कोई बंदी है जिनके कोई अधिवक्ता नहीं है तो वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से अपने प्रकरण में पैरवी हेतु निशुल्क अधिवक्ता नियुक्त करने हेतु आवेदन दे सकते हैं। शिविर में उप-जेल अधीक्षक जेल स्टाफ सहित बंदी उपस्थित रहे।

## सेन थॉम एकेडमी के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय जंप रोप चैंपियनशिप में जीते पदक



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सेन थॉम एकेडमी, भोपाल रोड की कक्षा 11वीं की दो प्रतिभाशाली छात्राओं आस्था परमार और गर्विता योगी ने रीवा में आयोजित 22वीं जूनियर नेशनल जंप रोप चैंपियनशिप एवं 5वीं ऑल इंडिया जंप रोप चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और राज्य का नाम गौरवान्वित किया। उन्होंने डबल डच स्पर्धा में स्वर्ण पदक तथा सिंगल रोप स्पीड रिले में रजत पदक प्राप्त किए।

उनका यह अद्भुत प्रदर्शन उनकी मेहनत, अनुशासन और खेल कौशल का प्रतीक है।विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने उनकी इस सफलता पर हार्दिक बधाई दी और भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए उन्हें शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

## खबर संक्षेप

### एसआईआर को लेकर आप की बैठक संपन्न

**ललितपुर।** आम आदमी पार्टी की एक बैठक चुनाव आयोग द्वारा पुनरीक्षण नामावली को लेकर संपन्न हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड. ने सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी को दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा कि इस पुनरीक्षण कार्यक्रम में सभी आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को बढ़-चढ़कर भाग लेना है। कोई भी योग्य व्यक्ति मतदाता बनने से ना रह नहीं पाए। उन्होंने जिले की समस्त पदाधिकारी एवं विधानसभा क्षेत्र की अध्यक्षों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में की जान से जुड़ जाए और पार्टी के सभी जागरूक मतदाता के घर जाकर उनसे संपर्क करें और उन्हें वोटर लिस्ट में अपने नाम को जोडऩे कर और अन्य लोगों को नामावली में जोड़े जाने हेतु जानकारी दें। बैठक में जिला महासचिव अनूप ताम्रकार, मंत्री रमेश झा, प्रमोद नामदेव, मीना राजा, दोनों विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष और कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

### घंटाघर पर महिला से छेड़छाड़, अपमानित किया, केस दर्ज

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला में रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 9 नवम्बर की शाम करीब 6.30 बजे वह घण्टाघर के पास अपना कार्य कर रही थी। तभी सीतापाठ निवासी शुभम जोशी पुत्र अशोक उसके पास आया और छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर शुभम ने उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी। यह भी आरोप है कि शुभम ने उसे समाज व रिश्तेदारों में बदनाम करने की धमकी दी और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित भी किया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर शुभम जोशी पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पड़ोसियों ने एकराय होकर किया हमला

**ललितपुर।** नेहरू नगर में मां अहिल्याबाई होल्कर स्कूल के पीछे रहने वाले अजय कीर्ति पुत्र स्व.जगदीश नारायण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 9 नवम्बर की रात करीब 9.30 बजे पड़ौस में रहने वाले पुष्पेन्द्र यादव, केहर यादव व गोलू यादव पुत्रगण ऊदल सिंह ने एकराय होकर उनकी मां प्रेमलता को गालियां देते हुये लाठियों से मारपीट कर दी। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया तो उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### खेत पर जा रहे किशोर को पीटा, केस दर्ज

**ललितपुर।** थाना पूराकलां क्षेत्रांतर्गत ग्राम पुराखुर्द निवासी तोरन पुत्र पूरन यादव ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका पुत्र आसवेन्द्र 10 नवम्बर को अपराह्न 12 बजे खेत पर जा रहा था, तभी रास्ते में गांव के अमोल पुत्र दयाराम, प्रवीण व महादेव पुत्रगण अमोल लोधी ने एकराय होकर उसके पुत्र को गालियां देते हुये मारपीट की और बचाव करने पहुंचे पीड़ित के साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी की जांच शुरू कर दी।

ठेकेदार की मनमानी से सरकार को पहुंच सकती है राजस्व की हानि, आमजन ने लगाए कई आरोप

# रबर पाथ निर्माण में मानकों की अनदेखी, गुणवत्ता पर उठे सवाल

» कम्पनी बाग में बनाये जा रहे दो रबर पाथ, जांच कर कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर के मध्य स्थित चन्द्रशेखर आजाद उद्यान पार्क (कम्पनी बाग) के दो पार्क स्थानों पर किया जा रहा रबर पाथ के निर्माण में मानकों व गुणवत्ता की किस कदर धज्जियां उड़ायी जा रहीं हैं, इसका जीवन्त उदाहरण कम्पनी बाग में देखा जा सकता है। जिम्मेवारों द्वारा निगरानी न करने और ठेकेदार की मनमानी के चलते किये जा रहे घटिया निर्माण से शासन को राजस्व की बेखौफ होकर हानि पहुंचायी जा रही है। ऐसा ही ताजा मामला कम्पनी बाग में देखने को मिल रहा है। यहां नियमों को ताक पर रखकर कराये जा रहे रबर पाथ निर्माण में मानकों व गुणवत्ता की अनदेखी किये जाने के आरोप लगाये जा रहे हैं। जनहित में यहां आने वाले लोगों ने जिला प्रशासन व नगर पालिका प्रशासन से निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच करायी जाकर ठेकेदार व कार्यदायी संस्था के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।



गौरतलब है कि शहर के बीचों-बीच स्थित चन्द्रशेखर आजाद उद्यान पार्क (कम्पनी बाग) में सुबह-शाम घूमने आने वाले लोगों की सेहत सुधारने के लिए पहले से पथ बना हुआ है, जो कि करीब 300 मीटर का है। इसके अलावा एक्यूपंचर पद्धति से भी एक घेरा बना हुआ है, जिसमें लोग सेहत को बेहतर बना रहे हैं। लेकिन इसी बीच योग चबूतरा के पास खाली पड़े पार्क में रबर पाथ का निर्माण नगर पालिका परिषद द्वारा किया जा रहा है। इस रबर पाथ के निर्माण को मजबूती से कराये जाने के बजाय कच्ची मिट्टी के ऊपर मानकों की अनदेखी करते हुये सीमेंट, गिट्टी के अलावा निम्न स्तर की डस्ट को डाला जा रहा है, जिससे रवर पाथ की गुणवत्ता कच्ची मिट्टी होने के चलते कुछ ही समय में खराब होने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही हैं, जिससे लोगों को रबर पाथ का लाभ नहीं मिल सकेगा और सरकार को भी राजस्व की हानि पहुंचेगी। हालांकि इस सम्बन्ध में जब यहां आने वाले लोगों से पूछा गया तो उनका कहना है कि ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीके से काम कराया जा रहा है और मानकों की अनदेखी करते हुये गुणवत्ताविहीन रबर पाथ का निर्माण किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में लोगों ने जनहित में जिला व नगर पालिका परिषद प्रशासन से सक्षम इंजीनियरों व अधिकारियों से बारीकी निरीक्षण कराते हुये मानकों व गुणवत्ता की जांच करायी जाकर ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

### इनका कहना है

आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है। रबर पाथ निर्माण को अवर अभियंता निधि सिंह को मौके पर भेजकर गुणवत्ता व मानकों की जांच करायी जायेगी। जांच आख्या में जो तथ्य सामने रखे जायेंगे, उसके अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

दिनेश कुमार विश्वकर्मा, अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, ललितपुर

व्यापारी के अपहरण का प्रयास कर तमंचा दिखाते हुए धमकाने का मामला

# मुठभेड़ में पकड़े थे तीन शातिर अब पुलिस ने एक और बदमाश दबोचा

पच्चीस हजार रुपए का इनाम घोषित था

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्र में विगत दिनों पहले व्यापारी को दुकान छोडऩे का झांसा देकर अपहरण करने का प्रयास करने, तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने तीन शातिर बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। प्रकरण में वांछित चल रहे एक अन्य आरोपी को पुलिस ने पकडऩे में सफलता हांसिल की है। गौरतलब है कि एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी झांसी के निर्देश, एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह, सीओ पाली सुनील कुमार के निकट पर्यवेक्षण में नाराहट पुलिस ने दर्ज मामला धारा 140 (3), 351 (3) बीएनएस के मामले में मध्य प्रदेश के जिला निवाड़ी अंतर्गत थाना पृथ्वीपुर के मोहल्ला नाले की बस्ती निवासी कल्लू आदिवासी पुत्र बाबूलाल को हिरासत में लिया है। पुलिस द्वारा बताया जा रहा है कि घटना के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों व मौके का गहनता से निरीक्षण उपरान्त सभी टेक्निकली और मैन्यूअल साक्ष्यों के आधार पर चार टीमों का गठन कर जांच की गयी थी। प्रकरण के पटाक्षेप को लेकर अलग-अलग थानों, चौकियों की पुलिस फोर्स के अलावा सर्विलांस और स्वाट टीम भी जुटी हुयी थी।

जल्द खुलासे को लेकर पुलिस ने ललितपुर, टीकमगढ़, सागर, छतरपुर, ओरछा/निवाड़ी व जनपद झांसी के करीब 300 कि.मी. के दायरे में लगभग 500



सीसीटीवी कैमरों को खंगाला, जिससे संदिग्धों की पहचान करायी गयी। पुलिस के अनुसार अजय, राज व मोनू को इसी प्रकरण को लेकर पूर्व में पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार किया गया था। वांछित आरोपी को पकडऩे वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नाराहट पारूल चंदेल, एसएसआई राजेश कुमार यादव, उ.नि. भूपेन्द्र कुमार, हे.कां. योगेश प्रताप सिंह, कां.विवेक राठौर आदि शामिल रहे।

देश भर में 78 मतदान केंद्र, ललितपुर में 4 व एमपी में 2 केंद्र बने

# अखिल भारतीय गहोई वैश्य महासभा का निर्वाचन 16 को



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर।

अखिल भारतीय गहोई वैश्य महासभा निर्वाचन आयोग द्वारा महासभा के अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष के एक-एक पद व मंत्री व उपाध्यक्ष के पांच-पांच पदों के लिए आगामी 16 नवम्बर 2025 को सुबह 8 से शाम 4 बजे तक पूरे भारत वर्ष में 78 केन्द्रों पर मतदान सम्पन्न कराया जा रहा है।

इसी क्रम में ललितुपर का मतदान केन्द्र संख्या 8 तालाबपुरा में मनाया गया है, जहां पर ललितपुर नगर के अतिरिक्त डोंगराखुर्द, धौर्रा, नाराहट, मालथौन व अटा के मतदाता मतदान करेंगे। मतदाता को महासभा का 31 अक्टूबर 2024 के पूर्व का सदस्य होना अनिवार्य है।

मतदाता को परिचय के लिए महासभा द्वारा निर्गत परिचय पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस आदि में से कोई एक साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा।

ब्लॉग बनाते में ट्रैक्टर से गिरकर हुई थी युवक की मौत

# सोशल मीडिया ब्लॉगर लोकेन्द्र पर दर्ज की गई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के लिए तमाम हथकण्डे अपनाये जा रहे हैं। जिससे कभी-कभी लोगों की जान पर आफत बन आती है। ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है, जिसमें सोशल मीडिया के ब्लॉगर पर एफआईआर दर्ज की गयी है। निकटवर्ती ग्राम मैलवाराखुर्द निवासी अनिल पुत्र राजाराम अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसका भाई 19 वर्षीय नीलेश पुत्र राजाराम वीडियो बनाने का काम करता था।

बताया कि 10 नवम्बर को ग्राम कल्यानपुरा निवासी लोकेन्द्र सिंह पुत्र राजाराम राजपूत ने उसके भाई नीलेश को स्टण्ट करते हुये रील बनाने के लिए बुलाया। नीलेश अपने भाई अनिल के साथ मोटर साइकिल नं. यू.पी.94 ए.बी. 8707 पर सवार होकर कल्यानपुरा गया हुआ था। पीड़ित का आरोप है कि उसके भाई नीलेश को लोकेन्द्र सिंह ने अपने ट्रैक्टर जोन्डियर के इंजन के मटघाट की सीट पर बैठाकर तेजी व लापरवाही से ट्रैक्टर चला दिया, जिससे उसका भाई नीलेश जमीन पर गिर पड़ा और ट्रैक्टर का पहिया उसके ऊपर से निकल गया।

वह अपने भाई को उठाकर तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने नीलेश को प्राथमिक उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया। अनिल अहिरवार की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने लोकेन्द्र सिंह राजपूत के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

जय अंबे रक्तदान समिति लगातार जरूरतमंदों की कर रही है मदद

# मासूम सहित गंभीर बीमार ग्रसित युवक के लिए तीन रक्तवीरों ने किया रक्तदान

▶ प्रभात ने अपने जन्मदिन पर 21वीं बार रक्तदान किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

ललितपुर मेडिकल कॉलेज मे भर्ती तीन वर्षीय मासूम बच्चा आशिक कुशवाहा निवासी तालबेहट को अतुल कुमार नरवारे ने दूसरी बार रक्तदान किया। तो वही रमेश रैकवार चैनू पत्रकार आमजन न्यूज़ के परिवार के सदस्य गंभीर बीमारी से ग्रसित बंटी रैकवार को आशीष शुक्ला ने रक्तदान किया।

प्रभात चतुर्वेदी ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष मे समिति की ओर से 21 वीं बार रक्तदान किया समिति ने प्रभात चतुर्वेदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी तथा समिति ने रक्तवीरों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया जरूरतमंदों के परिजनों ने रक्तदाताओं सहित जय अंबे रक्तदान समिति का धन्यवाद आभार व्यक्त किया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर समाजसेवी कन्हैया लाल रजक बलराम राज पत्रकार चैनू भाई कोमल कुशवाहा घनश्याम कुशवाहा नरेंद्र सिंह ग्राम दैलवारा विवेक कुमार रजक आदि रहे।

# गुणवत्ता सुधार की संवर्धन संगोष्ठी का आयोजन

**ललितपुर ।** केपी एस पीजी कॉलेज ककरूआ ललितपुर में डॉ पियाली आचार्य के निर्देशन में शिक्षा में गुणवत्ता सुधार हेतु एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत विभिन्न परिवर्तन हुये हैं। उनके आलोक में ही हमें कार्य करना होगा। वर्तमान समय में सभी उच्च शिक्षण संस्थानों के लिये अनिवार्य कर दिया गया है।

इसके अन्तर्गत सभी संस्थानों को अपनी गुणवत्ता संबर्धन करने का प्रयास करना होगा। इस संगोष्ठी में शिक्षा के विभिन्न आयामों पर चर्चा की गयी, एवं आवश्यक दिशा निर्देश और सुझाव दिये गये। इसके साथ-साथ कॉलेज के समस्त प्रवक्ताओं को उनके संकाय अनुसार दायित्त्व निर्धारण किया गया। इस कार्यशाला में डॉ० पियाली आचार्य, डॉ० रवि त्रिपाठी, कॉलेज के प्राचार्य डॉ० राजेन्द्र प्रकाश एवं समस्त प्रवक्ताओं ने प्रतिभाग किया। डॉ० पियाली आचार्य ने अपने सम्बोधन में कहा कि सभी प्रवक्ता अपने दायित्वों का पूर्णतः पालन करे, एवं पास आउट हुये छात्रों के सम्पर्क में भी रहें। जिससे उनके जूनियर छात्रों को उनसे प्रेरणा मिलती रहे। अन्त में प्राचार्य डॉ० राजेन्द्र प्रकाश ने सभी का आभर व्यक्त किया



कंपनी मालिक ने कर्मचारी, उसके पिता व बहन पर दर्ज कराई एफआईआर

# कंपनी के रुपए गबन का झूठा मुकद्दमा लगाने का आरोप

**ललितपुर।** महानगर झांसी के सीपरी बाजार स्थित 491 आदर्श नगर निवासी राजीव शर्मा पुत्र स्व.प्रकाश शर्मा ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा। पत्र में राजीव शर्मा ने बताया कि वह जे.एम.के. एसोसिएट्स का स्वामी है और उसकी कम्पनी में ललितपुर रोड महरौनी निवासी रानू झां पुत्र अशोक कलेक्शन एग्जीक्यूटिव पद पर कार्यरत था। आरोप है कि रानू झां ने उसकी कम्पनी की राशि 1 लाख 44 हजार 518 रुपये गबन करके भाग गया।

मामले में कार्यवाही करते हुये उन्होंने 11 जून को कोतवाली बुलाया, लेकिन रानू के बजाय उसके पिता अशोक आये। अशोक ने गबन को स्वीकार करते हुये लिखित समझौता किया और 40 हजार रुपये उसी स्थान पर दिये। उक्त पत्र पूरे पैसे लौटाने की बात कही गयी। समय गुजरने पर जब उन्होंने अशोक से सम्पर्क किया तो उन्होंने रुपये लौटाने से इंकार कर दिया। इस सम्बन्ध में उन्होंने सीओ को प्रार्थना पत्र दिया, जिसे संज्ञा लेने पर रानू, अशोक झां व उसकी बहन को ऑफिस में बुलाया।

आरोप है कि रानू, अशोक व उसकी बहन ने साजिशन उस पर झूठा मुकद्दमा दर्ज करा दिया, जिसकी जांच महरौनी थाने में चल रही है। यह भी आरोप है कि रानू अब उसे लगातार धमकियां दिलवा रहा है कि उस पर अब गलत धाराओं में मामला दर्ज करायेगा और जान से मारकर फेंक देंगे। पीड़ित ने बताया कि कम्पनी द्वारा दिये गये दस्तावेज भी रानू के खिलाफ हैं तथा रानू के पिता द्वारा लिखा गया समझौता पत्र भी जांच में शामिल किया है।

फायर सेफ्टी, फायर फाइटिंग एवं इवैकुएसन प्लान के लिए हुआ अभ्यास

# अग्निशमन विभाग का मेडिकल कॉलेज में मॉकड्रिल हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिला महिला चिकित्सालय सम्बद्ध मेडीकल कॉलेज में अग्निशमन विभाग द्वारा मॉकड्रिल किया गया। लीडिंग फायर मैन राकेश कुमार एवं मदन कुमार ने चिकित्सालय परिसर में उपस्थित चिकित्सा शिक्षकों, नर्सिंग स्टाफ, कर्मचारियों, मरीजों तथा तीमारदारों को अग्नि सुरक्षा के नियम बताये तथा किसी भी तरह की आगजनी, शार्टसर्किट व आग लगने की स्थिति में बिना घबराए मरीजों, जान माल को सुरक्षित कैसे किया जाय विस्तार से समझाया।



मेडिकल कालेज अग्नि सुरक्षा प्रभारी अधिकारी डा. ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के चिकित्सालय में पानी की निर्वहन पाइप लाइन की व्यवस्था है साथ ही जगह जगह अग्निशामक (फायरस्टिंगयुशर) रखे हुए हैं। अग्निशमन संयंत्रों की विशेष व्यवस्था है। मेडिकल कॉलेज में किसी भी तरह की आग लगने की स्थिति में मौके पर अग्निशामक ( फायरस्टिंगयुशर) का प्रयोग किस प्रकार करना है यह विस्तार से समझाया। आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ ने बताया कि जब भी आग लगती है तो धुआं होता है धुएं से दम घुटता है तो अपने पास जो भी कपड़ा हो या रुमाल हो तो उसे गीला करके नाक और मुंह पर मास्क की तरह बांध लें, जिससे धुएं में दम नहीं घुटेगा। प्राचार्य ने बताया की उपलब्ध अग्निशामक अलग-अलग तरह की आग में प्रयोग में लाए जाते हैं जैसे यदि आग शॉर्ट सर्किट से लगी हो तो कभी भी उस पर पानी नहीं डालना चाहिए तथा जिस अग्निशामक में से पाउडर के रूप में आग बुझाने का पदार्थ निकलता है उसका प्रयोग करना चाहिए। इसमें सीएमएस डा.गजेन्द्र सिंह, एफएसओ मु.तबारक हुसैन, लीडिंग फायर मैन अखिल कुमार, प्रभारी चालक रामपाल व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

दिल्ली में धमाके के बाद हाई अलर्ट

अंचल में डीएम और एसपी ने दलबल के साथ चलाया सघन चैकिंग अभियान

# रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड के अलावा भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर की जांच-पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

राजधानी दिल्ली कार ब्लास्ट होने के बाद यूपी समेत कई राज्यों में हाई अलर्ट घोषित किया गया है। इसके मद्देनजर देर रात तक जिलाधिकारी सत्य प्रकाश व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने संयुक्त रूप से रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड के अलावा भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर पहुंच कर गहनता से जांच-पड़ताल की। स्टेशन पर यात्रियों की जांच कर उनके सामान की भी यंत्रों से गहनता पूर्वक जांच की गयी।

हालांकि किसी अधिकारी का आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। लेकिन प्रशासन व पुलिस महकमे के अचानक चले इस अभियान से कयास पुख्ता हो रहे थे कि दिल्ली कार धमाके के बाद हाई अलर्ट के चलते जांच-पड़ताल की जा रही है।



गौरतलब है कि दिल्ली में लाल किले के पास चलती कार में हुये धमाके के बाद से तमाम चर्चाओं का बाजार तेजी से गर्म हो उठा। ऐतिहातन भारत के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश समेत कई महत्वपूर्ण राज्यों में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया। हाई अलर्ट घोषित होते ही ललितपुर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, एसपी मो.मुश्ताक दलबल के साथ शहर भर में भीड़भाड़ वाले इलाकों, रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड पहुंचे, यहां उन्होंने आने जाने वालों के साथ वहां घूम रहे लोगों से पूछताछ की और उनके सामान की गहनता से जांच-पड़ताल की। रेलवे स्टेशन पर स्पेशल फोर्स के साथ यात्रियों की जांच की गयी। संदिग्ध वस्तुओं की जांच के लिए डिटेक्ट डिवाइस का भी प्रयोग किया गया। डीएम-एसपी ने संयुक्त रूप से जांच में सुरक्षा को सर्वोपरि बताया। इसमें अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, सीओ सिटी अजय कुमार, एसडीएम सदर मनीष कुमार, सीओ यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### विभिन्न वर्गों में पुरस्कार से नवाजे गए नगर के होनहार बच्चे

# नन्हे-मुन्हे बच्चों ने विभिन्न विषयों पर कैनवास पर उकेरी मन की कल्पना

## ख्यात चित्रकार सियारामदासजी की 32वीं पुण्यतिथि पर आयोजित हुई चित्रकला प्रतियोगिता





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर के सुप्रसिद्ध चित्रकार एवं ड्राइंग टीचर स्व. सियाराम दास की 32वीं पुण्यतिथि के अवसर पर स्थानीय गीता मानस प्रचार समिति परिसर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता कक्षा पहली से पांचवीं, कक्षा छटवीं से आठवीं एवं कक्षा 9वीं से 12वीं के अलग-अलग वर्ग एवं विषयों पर आधारित थी।

प्रथम वर्ग में स्वैच्छिक विषय था वहीं कक्षा 6 से 8 के बच्चों को प्रकृति एवं पर्यावरण पर आधारित चित्र बनाने का विषय दिया गया। इसी तरह कक्षा 9वीं से 12वीं के बच्चों ने विज्ञान एवं समर्थ भारत विषय पर अपने मन की कल्पनाओं के कैनवास पर उकेरा। इस प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न स्कूलों के 200 से अधिक बच्चे सम्मिलित हुए थे।

### इन बच्चों ने दिखाया अपनी प्रतिभा का हुनर, हुए पुरस्कृत

निर्णायक समिति के चयन के आधार पर पहले वर्ग में कैरियर कॉन्वेंट स्कूल की बालिका अश्मीरा हाशमी प्रथम, रिया कारपेंटर द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर केके मेमोरियल स्कूल के छात्र हर्षित व्यास ने पाया। वहीं, कैरियर कान्वेंट स्कूल के विपुल आर्य को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रकृति एवं पर्यावरण विषय की दूसरी कैटेगरी में कैरियर कान्वेंट स्कूल की रिषिका बैरागी एवं किरण तंवर ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के छात्र प्रतीक मेवाड़े तृतीय स्थान पर रहे एवं स्वामी स्कूल की चेष्टा शर्मा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। विज्ञान एवं समर्थ भारत कैटेगरी में स्वामी विवेकानंद स्कूल के तीन विद्यार्थियों रिया जाटव, हर्षित व्यास एवं अमृत पाल सिंह क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। वहीं मिशा खरबंदा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

### सांसद ने ख्यात चित्रकार के जीवन पर डाला प्रकाश

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रोड़मल नागर, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, पंडित हरिचरण तिवारी, हेमराज कल्पोनी, प्रताप मंडलोई, चंद्रकांत भार्गव, भाजपा पदाधिकारी अमित शर्मा, देवीसिंह सौंधिया, कैलाश मौर्य, मनोज हाड़ा सहित अन्य ने प्रसिद्ध चित्रकार स्व. दास के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके साथ ही उनके द्वारा सन 1953 में ऑइल पेंट से बनाई गई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पैंटिंग का अवलोकन सभी ने किया। अतिथियों ने कहा कि स्व. दास द्वारा निर्मित महान कलाकृतियां वर्तमान में भी प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम का संचालन साकेत शर्मा ने किया आभार घनश्याम बामनगया ने माना। इस अवसर पर संदीप सोनी, आरसी शर्मा, पंडित जगदीश शर्मा, शिवनारायण मौर्य, प्रवीण पंवार, शैलेंद्र विजयवर्गीय, सुरेश विजयवर्गीय, अशोक शर्मा, संजय गुप्ता, कैलाश सेन, हृदय नारायण सक्सेना, ओम मेवाड़े, जगदीश गौड़, इंदर सिंह गौड़ ओम शर्मा, मोहम्मद शफीक गामा, पप्पू मकवाना, महेश सेन, प्रांजल खुजनेरी, रघु भूषण, जय प्रकाश मौर्य सहित अन्य उपस्थित रहे।

### छात्र को परीक्षा देने से रोकने के मामले ने पकड़ा तूल

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कलेक्टर से की कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ब्यावरा इकाई के कार्यकर्ताओं के संज्ञान में आया की सीएम राइज स्कूल के छात्र को 7 नवंबर को राजनीतिक विज्ञान विषय की परीक्षा देने से रोका गया। शिकायत प्राप्त होने पर दूसरे दिन कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य से छात्र को परीक्षा से वंचित रखने का कारण पूछने पर प्राचार्य सज्जनसिंह यादव ने अभद्रतापूर्ण व्यवहार करते हुए कहा यहा हमारी व्यवस्था है। साथ ही उन्होंने धमकियां देते हुए कहा 20 वर्ष से यही पढ़ा रहा हूं यही पढ़ाऊंगा कोई मेरा कुछ नहीं कर सकता जिससे शिकायत करना है करिए।

बात करने गए कार्यकर्ताओं से अभद्रता की गई और कारण नहीं बताया गया। पूछने पर प्राचार्य ने मंत्री इंदरसिंह परमार के साथ काम किया है ऐसी धमकियां दी और उठकर बाहर चले गए। इस प्रकार दुर्व्यवहार और विद्यालय के तानाशाही रवैए पर अक्रोशित होकर बड़ी संख्या में विद्यालय के बाहर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने के लिए एकत्रित हुए। विद्यालय में परीक्षा जारी थी तथा उसको बाधित न करते हुए तथा प्रशासन का सहयोग करते हुए अभाविप कार्यकर्ताओं ने परीक्षा परिसर से दूर मुख्य द्वार पर करीब दो घंटे मौन धरना प्रदर्शन किया। जिसके के बाद नायब तहसीलदार विनय रजक को माननीय जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमें 3 दिवस में निलंबन की कार्यवाही की मांग की गई। नगर मंत्री राकेश सोंधिया ने बताया छात्र हित में अभाविप हमेशा से कार्यरत है। सीएम राइज प्रकरण में शासन से हमारी मांग है 3 दिवस में जांच के आधार पर दोषियों पर निलंबन की कार्यवाही की जाए। परिसर का वातावरण विद्यार्थियों के लिए अनुकूल रहे तथा विद्यार्थियों की मानसिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े इसका ध्यान रखा जाना चाहिए सोंधिया ने कहा कार्यवाही न होने पर आंदोलन किया जाएगा जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। प्रदर्शन में जिला संयोजक शुभम शर्मा भाग संयोजक जीत शिवहरे एवं तुषार चौहान, राजगढ़ नगर मंत्री कुलदीप सिंगी, आकाश, सहमंत्री सपना, जीत, धीर, विद्यालय संयोजक सुमित, सचिन, माखन, हरिओम सोंधिया, विशाल, कान्हा, बंटी परमार, अनिल मंडलोई, भूपेंद्र, तनु, आदेश आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मौके पर एसडीओपी ब्यावरा, थाना प्रभार तथा पुलिस बल मौजूद रहा।

### कार एक्सेसरीज और टेंट हाउस की दुकान में लगी आग



**ब्यावरा।** जानकारी के अनुसार मधुमिलन फैक्ट्री के सामने जगदीश पालीवाल के मकान में हरिओम दांगी की कार एक्सेसरीज, टेंट हाउस की दुकान में आग लग गई जिसमें लाखों का सामान खाक होने की संभावना है। दमकल की गाड़ियां भी 1 घंटे देरी से पहुंची जब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था। खबर लिखे जाने तक किसी जनहानि की कोई खबर नहीं थी। प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभालने के प्रयास किए, परन्तु दमकल की गाड़ी में प्रेशर न आने के कारण भी स्थिति संभालने में दिक्कत आ रही थी।

### एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

# सिविल अस्पताल में ईसीजी मशीन उपलब्ध कराने की मांग



**सारंगपुर।** जिला स्वास्थ्य विकास मंच के जिलाध्यक्ष एवं समाजसेवी शेख मुशर्रफ ने सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे को ज्ञापन सौंपकर सारंगपुर सिविल अस्पताल में ईसीजी मशीन शीघ्र उपलब्ध कराने की मांग की। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि सारंगपुर सिविल अस्पताल उप-स्वास्थ्य केंद्र के रूप में कार्यरत है और इसमें 100 बिस्तरों की स्वीकृति है, किंतु वर्तमान में केवल डक डॉक्टर की नियुक्ति होने के बावजूद ईसीजी मशीन उपलब्ध नहीं है। जिससे हार्ट के मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ती है और उन्हें ईसीजी के लिए अन्य स्थानों पर जाना पड़ता है।

### कलेक्टर ने बैठक में को दिए निर्देश

# टीएल बैठकः सीएमएचओ और खिलचीपुर सीएमओ को नोटिस

**राजगढ़।** कलेक्टोरेट सभागार में सोमवार दोपहर हर सप्ताह आयोजित होने वाली टाइम लिमिट (टीएल) बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान समय-सीमा प्रकरणों में खराब प्रदर्शन पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल एवं खिलचीपुर नगर परिषद सीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश जिलाधीश द्वारा प्रदान किए गए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को समय सीमा में प्रकरणों का गंभीरता से अध्ययन कर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में ई-ऑफिस, ई-केवाईसी, अवमानना प्रकरण तथा सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा की गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि सभी अधिकारी लंबित मामलों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करना सुनिश्चित करें।

### कक्षा 5वीं से 12वीं तक के 300 विद्यार्थी सम्मिलित हुए

# भोपाल का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित

### 15 नवंबर को स्कूली विद्यार्थियों का 5 दिवसीय टूर राजस्थान रवाना होगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

पचोर नगर के प्रतिष्ठित आवासीय सीबीएसई विद्यालय संस्कार एकेडमी द्वारा 9 नवंबर को भोपाल का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण में कक्षा 5वीं से 12वीं तक के लगभग 300 विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

विद्यालय प्रबंधन से दीपक गोयल एवं दिनेश गोयल ने भ्रमण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया इसके पश्चात स्वयं भी बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए भ्रमण के दौरान प्रतिपल साथ रहे। भ्रमण की संपूर्ण योजना विद्यालय प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में कोऑर्डिनेटर इरशाद अहमद द्वारा बनाई गई थी तथा अनुशासन व्यवस्था का दायित्व कोऑर्डिनेटर कवंलप्रीत के नेतृत्व में शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ने सफलतापूर्वक निभाया। भ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थियों ने भोपाल स्थित पीपल्स मॉल, साइंस हाउस, वन विहार एवं अन्य शैक्षणिक स्थलों का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने न केवल वैज्ञानिक ज्ञान जनजाति संग्रहालय एवं वन्यजीवों की जानकारी को अर्जित किया, बल्कि भोपाल के तालाब में वोटिंग का भी आनंद लिया। दिनभर के ज्ञानवर्धक भ्रमण के पश्चात विद्यार्थियों को भोपाल में ही सामूहिक रात्रिभोज कराया गया। शिक्षा के नवीन आयामों को प्रत्यक्ष रूप से जानने और अनुभव करने का यह अवसर विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। रात्रि में भ्रमण दल हर्षोल्लास के साथ पुनः पचोर लौट आया।

विद्यालय प्रबंधक पंकज गोयल एवं विवेक शर्मा ने भ्रमण के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि पुस्तकों से परे इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करते हैं। ऐसे आयोजन विद्यालय में निरंतर होते रहना चाहिए। सफलतापूर्वक आयोजित इस शैक्षणिक भ्रमण के लिए अभिभावक गणों ने संस्था के नवाचार की प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान सराहनीय रहा। विदित है कि इस क्रम में विद्यालय का सात दिवसीय एजुकेशनल टूर 15 नवंबर को राजस्थान जाने वाला है जहां पर बच्चे जयपुर, जोधपुर और जैसलमेर के सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्व को जानेंगे।

### युवक का सहकारिता विस्तार अधिकारी के पद चयन हुआ



**जीरापुर।** समीपवर्ती ग्राम चमारखेड़ा निवासी प्रतापसिंह पवांर का मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा 2023 के परिणाम में सहकारिता विस्तार अधिकारी के पद पर चयन हुआ है। नगर से मात्र 3 किलोमीटर दूर स्थित छोटे से गांव चमारखेड़ा निवासी सुल्तान सिंह पवांर के पुत्र का चयन सहकारिता विस्तार अधिकारी के पद पर हुआ है। उल्लेखनीय है कि प्रताप सिंह पवांर नगर के सरस्वती शिशु मंदिर से प्राथमिक से लेकर हाई स्कूल तक अध्यनरत रहा उसके पश्चात इंदौर होल्कर साइंस स्कूल से ग्रेजुएशन कर सिवनी जिले में पटवारी के पद पर वर्तमान में पदस्थ है। मध्यम वर्गीय परिवार खेती किसानी का काम करके माता पिता ने प्रताप सिंह को पढ़ाया।

# एसआईआर को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न



**कुरावर।** नगर में सोमवार को सुबह 11 बजे मार्केटिंग सोसायटी परिसर में चुनाव आयोग द्वारा नवीन मतदाता सूची के निमित्त भाजपा की प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न हुई। जिसमें क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने कुरावर एवं झाडाला मंडल के सभी भाजपा नेता कार्यकर्ता व नियुक्त बी.एल.ओ 2 को चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर के तहत मतदाता सूची में प्रशिक्षण की प्रक्रिया कैसे की जाएगी इसके बारे में बताया। वर्ष 2003 में जो मतदाता हमारी मतदाता सूची में था वर्तमान में उसके परिवारों के नाम उसमें जुड़े हैं या नहीं।शादी 2003 के मतदाता वर्तमान में हमारे क्षेत्र में रह रहे हैं या नहीं इसका निरीक्षण मतदाता सूची को ठीक करना है साथी उन्होंने कहा कि कुरावर नगर परिषद नगर पालिका बनने की प्रक्रिया में है पीलू खेड़ी भी कुरावर का हिस्सा हो सकता है सभी चुनाव की तैयारी करने के पहले अपने-अपने जन आधार को बढ़ाएं। वहीं उन्होंने बिजली विभाग बड़े हुए बिलों में अपने सर चार्ज माफ कर रहा है भावांतर योजना का लाभ किसानों को मिल रहा है उन्होंने कहा कि हमने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मिलकर किसानों को मुआवजा राशि देने की बात कही थी वह राशि किसानों को मिली है। साथी हमने ग्रामीण क्षेत्रों में सुदूर सड़क प्रारंभ करने की बात भी मुख्यमंत्री से कही है उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश भाजपा सरकार निरंतर महिलाओं के लिए अब आने वाले 12 नवंबर को लाडली बहना योजना की राशि बढ़कर 1500 रुपए का अंतरण करने जा रही है।

# ग्वालियर में हुई कराते चैंपियनशिप में दिवित ने पाया गोल्ड मेडल




**राजगढ़।** कहते हैं प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती। इस बात को एक बार फिर से राजगढ़ निवासी दिवित पिता श्याम भिलाला ने साबित करके दिखाया है। विगत दिनों ग्वालियर में आयोजित 9वीं वारियर 2025 ऑल इंडिया कराते चैंपियनशिप में शामिल होकर दिवित ने 7 से 8 वर्ष कैटेगिरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हरियाणा के खिलाड़ी को 5 अंकों से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। दिवित को कराते एसोसिएशन राजगढ़ जिले की सचिव श्रसपना मांझी द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। उल्लेखनीय है की खेल केवल जीत का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कार, आत्मविश्वास और राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव हैं। दिवित की इस उपलब्धि पर परिजनों, इष्टमित्रों सहित अन्य ने बधाई, शुभकामनाएं देते हुए बालक के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# एकता के भाव के साथ हर विधानसभा में निकलेगा यूनिटी मार्च, 13 तक आयोजन

### सांसद ने प्रेसवार्ता में साझा की यूनिट मार्च संबंधी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भारत के पूर्व उप-प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती को देश एक उत्सव के रूप में मना रहा है। इसी कड़ी में विगत दिनों जहां जिले भर में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया। वहीं अब भाजपा द्वारा सभी समाजों, प्रबुद्धजनों, आम नागरिकों को साथ लेकर जिले की पांचों विधानसभाओं में 11 नवंबर से 13 नवंबर तक यूनिटी मार्च का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में स्थानीय संस्कृति होटल में सोमवार दोपहर भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय सांसद रोड़मल नागर ने सरदार पटेल के जीवनवृत, सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए पूरे आयोजन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आजादी के पहले 575 रियासतों में बंटे भारत को लौह पुरुष पटेल ने अपनी बुद्धिमत्ता, व्यवहार, कार्यकुशलता इत्यादि के दम पर एकसूत्र में पिरोया।

### पांचों विधानसभाओं में इस तरह निकलेगी यात्रा

प्रेसवार्ता में बताया गया कि 11 नवंबर को सारंगपुर एवं नरसिंहगढ़ की पहली यात्रा आयोजित होगी जो पिपलिया रसोड़ा से आरंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए सरदार पटेल चौक मंडी रोड पचोर में समाप्त होगी। अगले दिवस 12 नवम्बर को खिलचीपुर विस के गोघटपुर से प्रारंभ होकर आगर मालवा जिले के सोयत पहुंचेगी। 13 को राजगढ़ एवं ब्यावरा की यात्रा ब्यावरा के देवलखेड़ा से प्रारंभ होकर पुनरखेडी, चिलवाडियां होकर करनवास (राजगढ़) में यात्रा का समापन होगा। प्रेसवार्ता में राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव, खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, जिला पदाधिकारी देवीसिंह सौंधिया, पं. अमित शर्मा, सांसद प्रतिनिधि मनोज हाड़ा, नपाध्यक्ष विनोद साहू उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150वां स्मरणोत्सव संपन्न



**खुजनेर।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वां स्मरणोत्सव के उपलक्ष्य में नगर परिषद खुजनेर द्वारा सामूहिक वंदे मातरम का गायन नगर परिषद सभाकक्ष में किया गया। गीत का गायन परिषद सदस्यों, विविध संगठनों के सदस्यों, स्कूल की छात्राओं, गणमान्य नागरिकों एवं नगर परिषद कर्मचारियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्षा कैलाशी बाई यादव एवं उपाध्यक्ष बाबूलाल कुशवाह द्वारा बताया गया कि यह गीत सिर्फ शब्द नही राष्ट्र की आत्मा है जिसे गाते ही मन में राष्ट्र भक्ति की भावना भर जाती है। कार्यक्रम को मुकेश शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष द्वारा भी संबोधित किया गया कार्यक्रम में पार्षद निर्मल जाटव, प्रेम राजपूत, पूर्व उपाध्क्ष राधेश्याम गुप्ता, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कृष्णकांत शर्मा, अरविन्द गुप्ता, रामबाबू यादव, पूर्व सीएमओ राजबहादुर कारपेंटर, डॉ. विजेन्द्र नागर, दयाराम यादव, नारायण प्रजापति, रवि सोनी, रामेश्वर नागर प्राचार्य शिशु मंदिर सहित शास्त्री स्मृति विद्या मंदिर एवं मधुकुंज अकेडमी की छात्राएं एवं स्टाफ सहित समस्त नगर परिषद स्टॉफ उपस्थित रहे।

# मप्र सरकार के निर्णय के विराध में किसान कांग्रेस, सौंपा ज्ञापन

### जिपं अध्यक्ष, पूर्व विधायकों व अन्य ने कलेक्टर से की भेंट




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मध्यप्रदेश सरकार ने हालिया तय किया है कि राज्य सरकार किसानों की फसलें स्वयं न खरीदते हुए यह जिम्मेदारी केंद्र सरकार या एफसीआई को सौंपी जाएगी। सरकार के इस निर्णय के विरोध में जिला किसान कांग्रेस ने अपना तीखा विरोध जाहिर करते हुए किसान विरोधी नीतियों की तीखी आलोचना की है। इस संबंध में जिला किसान कांग्रेस भगवान सिंह बागड़ी के नेतृत्व में इंकाजनों सहित कृषकों द्वारा सोमवार दोपहर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख है कि सरकार का उक्त निर्णय प्रदेश के लाखों किसानों के साथ बड़ा धोखा है। चुनाव के समय भाजपा सरकार ने वादा किया था कि किसानों की फसल समर्थन मूल्य एमएसपी पर नहीं बल्कि उससे बल्कि उससे ज्यादा कीमत में खरीदेगी। लेकिन, सरकार ने अपने वादे से मुकर गई है।

**ज्ञापन में यह रखी सरकार से मांगः** किसान कांग्रेस द्वारा सौंपे गए उक्त ज्ञापन में तीन मांगे प्रमुखता के साथ रखी गई हैं। पहली मांग है कि राज्य सरकार अपना निर्णय तुरंत बदले और किसानों की फसलें राज्य स्तर पर ही खरीदी जाए। अन्य मांगों में एमएसपी से नीचे किसी भी कीमत पर उपज बेचने पर मजबूर न किया जाए एवं किसानों की आय, भंडारण व परिवहन के लिए विशेष राहत पैकेज जारी किया जाए। इस अवसर पर भगवान सिंह बागड़ी सहित जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर सहित अन्य उपस्थित थे।